पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय : 3, मार्बल आर्च, सेनापति बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016

+91 22 24306321/24378866 24313938 abvpkendra@gmail.com www.abvp.org

दि. 12 दिसंबर 2024

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

बांग्लादेश में बच्चों, महिलाओं, हिंदुओं एवं अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण: अभाविप

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों एवं मंदिरों पर बांग्लादेशी बहुसंख्यक समाज द्वारा किए जा रहे हमले, हत्या, लूट, आगजनी और महिलाओं के साथ हो रहे अमानवीय अत्याचारों की भर्त्सना करती है। अभाविप का मानना है कि नई बांग्लादेश सरकार और अन्य संबंधित एजेंसियों के इस अमानवीय कृत्य में मूकदर्शक बने रहना एवं इसमें उनकी सक्रिय संलिप्तता स्थिति को खराब कर रही है, जिसे रोके जाने की आवश्यकता है।

अभाविप इस बात पर गंभीर चिंता व्यक्त करती है कि बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों पर हमला कर मूर्तियों को आग लगाना एवम् हिंदू अल्पसंख्यक पर अत्याचार और उनकी हत्या करना संपूर्ण मानव समाज के लिए अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। अल्पसंख्यक समाज जब अपनी सुरक्षा के लिए जब लोकतांत्रिक ढंग से आवाज उठाते हैं, तो उनके खिलाफ और भी अधिक अत्याचार किए जाते हैं। शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वाले अल्पसंख्यकों को जेल भेजना पूरी तरह से अन्यायपूर्ण है और इसे तत्काल रोका जाना चाहिए। यह समय की मांग है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्रवाई की जाए। विश्व शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए सामूहिक प्रयास अनिवार्य हैं।

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समाज के आस्था के केंद्रों, मंदिरों और ख़ासकर हिंदू अल्पसंख्यक समाज पर हो रहे हमलों एवं अत्याचारों को रोकने के लिए तत्काल ठोस कदम उठाने की अत्यंत आवश्यकता है। बांग्लादेश सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि महिलाओं, बच्चों और अल्पसंख्यकों पर होने वाले अत्याचार तत्काल बंद हो। सरकार और अन्य वैश्विक संगठन इस मामले पर गंभीरता से विचार करें और बांग्लादेश के पीड़ितों के साथ खड़े हों।

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री श्री सौरभ पाण्डेय द्वारा जारी की गई है।)